# जीटी के खिलाफ आरआर ने 6 विकेट खोकर बनाए 210 रन



## ध्रुव-यशस्वी जायसवाल ने खेली अर्धशतकीय पारी

**अहमदाबाद, 4 अप्रैल. आईपीएल 2026 के 9वें मुकाबले में शनिवार को नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटंस की भिड़ंत राजस्थान रॉयल्स के साथ हो रही है.**

पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 210 रन लगाए. टीम की तरफ से ध्रुव जुरैल और यशस्वी जायसवाल ने अर्धशतकीय पारी खेली. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान रॉयल्स टीम की शुरुआत शानदार रही. वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल बेहतरीन लय में दिखाई दिए और दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 6.2 ओवर में 70 रन जोड़े. वैभव ने 18 गेंदों में 172 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 31 रन बनाए. वहीं, यशस्वी जायसवाल ने 36 गेंदों में 55 रनों की दमदार पारी खेली. वैभव ने अपनी पारी में 5 चौके और एक छक्का लगाया. वहीं, यशस्वी ने अपनी अर्धशतकीय पारी में 6 चौके और 3 छक्के लगाए. कप्तान रियान पराग बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके. रियान 4 गेंदों में 8 रन बनाने के बाद प्रसिद्ध कृष्णा का शिकार बने. शिमरोन हेटमायर ने आगाज अच्छा किया, लेकिन वह 8 गेंदों में 18 रन बनाने के बाद अशोक शर्मा की गेंद पर मोहम्मद सिराज को कैच थमा बैठे. डोनोवन फरेरा को कगिसो रबाडा ने सिर्फ एक रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा. हालांकि, ध्रुव जुरैल एक छोर को संभालकर खड़े रहे और उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी खेली. जुरैल ने 42 गेंदों का सामना करते हुए 75 रनों की दमदार पारी खेली. अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 5 चौके और 5 छक्के लगाए. रवींद्र जडेजा 7 और जोफ्रा आर्चर एक रन बनाकर नाबाद रहे. गुजरात की ओर से गेंदबाजी में कगिसो रबाडा ने सर्वाधिक 2 विकेट चटकाए.

सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और अशोक शर्मा ने एक-एक विकेट अपने नाम किया. रियान पराग की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स इस मुकाबले में यशस्वी जयसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, डोनोवन फरेरा, रवींद्र जड़ेजा, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे और संदीप शर्मा के साथ उतरी है. शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में राशिद खान की अगुवाई में गुजरात टाइटंस की टीम इस मुकाबले में कुमार कुशाग्र, साई सुदर्शन, जोस बटलर, ग्लेन फिलिप्स, वॉशिंगटन सुंदर के साथ खेल रही है.

# सऊदी प्रो लीग में रोनाल्डो ने किए दो गोल

**रियाद, 04 अप्रैल क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक महीने की चोट के बाद वापसी करते हुए दो गोल किए, जिससे अल-नासर ने सऊदी प्रो लीग में सबसे नीचे चल रही टीम अल-नजमा को हरा दिया.**

41 साल के पुर्तगाली फॉरवर्ड ने दूसरे हाफ में दो गोल किए, जिससे इस सीजन में अपने क्लब के लिए उतने ही लीग मैचों में उनके कुल गोलों की संख्या 23 हो गई. रोनाल्डो को फरवरी के आखिर में हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी और पिछले महीने जब पता चला कि चोट शुरू में सोची गई चोट से ज़्यादा गंभीर है, तो वह इलाज के लिए स्पेन चले गए थे. रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड के इस पूर्व स्टार ने दो



लीग मैच और पुर्तगाल के मेक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ होने वाले अंतरराष्ट्रीय फ्रेंडली मैच नहीं खेले. अल-नजमा ने हैरानी भरी बढ़त बना ली, जबकि वह 27 लीग मैचों में सिर्फ़ एक बार ही जीत पाई थी. लेकिन लिवरपूल के पूर्व फॉरवर्ड सादियो माने और अब्दुल्ला अल हमदान ने पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में गोल करके अल-नासर को हाफ-टाइम तक बढ़त दिला दी.

> मेहमान टीम के बराबरी करने के बाद, रोनाल्डो ने 56वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर अपनी टीम की बढ़त फिर से कायम कर दी; इसके बाद उन्होंने और माने दोनों ने अपना दूसरा गोल करके जीत पक्की कर दी. अल-नासर की लगातार 13वीं लीग जीत ने तालिका में शीर्ष पर उसकी बढ़त को दूसरे स्थान पर काबिज़ अल-हिलाल से छह अंकों तक बढ़ा दिया है; अल-हिलाल शनिवार को अल-तावून के खिलाफ खेलेगा.

# इंटरनेशनल सीरीज जापान में कोचर संयुक्त चौथे स्थान पर

**चिबा (जापान), 04 अप्रैल भारत के करनदीप कोचर को शनिवार को कैलेडोनियन गोल्फ क्लब में 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर की इंटरनेशनल सीरीज जापान के तीसरे राउंड के बाद संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर पहुँचने के लिए अपनी पूरी ताकत लगानी पड़ी और कड़ा संघर्ष करना पड़ा.**

लगातार दो बोगी-मुक्त राउंड खेलने के बाद, इस भारतीय खिलाड़ी के लिए तीसरा राउंड मिला-जुला रहा; जिसमें 5 बोगियों ने उनकी 3 बर्डियों को बेअसर कर दिया, जिससे उनका राउंड स्कोर 2-ओवर 73 रहा.



उनका मौजूदा स्कोर 8-अंडर 205 है, जिसका मतलब है कि वह लीडर्स जापान के शुगो इमाहिरा और कोरिया के होंगटेक किम से दो शॉट पीछे हैं; ये दोनों ही इंटरनेशनल सीरीज के इस सीजन-ओपनर में 10-अंडर 203 के स्कोर पर हैं.

# दिल्ली की लगातार दूसरी जीत

**90** रन की रिजवी की धमाकेदार पारी

**163** रन का लक्ष्य 18.1 ओवर में हासिल किया

**नई दिल्ली, 04 अप्रैल. इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के आठवें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने अपने घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हरा दिया. इस जीत के हीरो रहे युवा बल्लेबाज समीर रिजवी, जिन्होंने तूफानी अंदाज में 90 रन बनाकर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया.**

उनके साथ पथुम निसंका की 44 रन की संयमित पारी ने टीम को मजबूत आधार दिया, जबकि अंत में डेविड मिलर ने नाबाद रहते हुए टीम को जीत दिलाई. 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत बेहद खराब रही. टीम ने मात्र 7 रन के स्कोर पर अपने दो अहम विकेट गंवा दिए. पहले ओवर में ही दीपक चाहर ने केएल राहुल को विकेटकीपर के हाथों कैच करवाकर पवेलियन भेज दिया. राहुल महज 1 रन ही बना सके. इसके बाद जसप्रीत बुमराह ने अगले ही ओवर में नीतीश राणा को बिना खाता खोले आउट कर दिल्ली को गहरे संकट में डाल दिया. शुरुआती झटकों के बाद क्रीज पर आए पथुम निसंका और समीर रिजवी ने पारी को संभालने का जिम्मा उठाया. दोनों बल्लेबाजों ने धैर्य और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन



दिखाते हुए टीम को मैच में वापस लाया. निसंका ने 30 गेंदों में 44 रन बनाए, जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल था. हालांकि, 10वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने उन्हें आउट कर दिल्ली को तीसरा झटका दिया.

इसके बाद भी समीर रिजवी डटे रहे और उन्होंने अपनी पारी को और आक्रामक बना दिया. उन्होंने मैदान के चारों ओर शानदार शॉट लगाए और मुंबई के गेंदबाजों को दबाव में ला दिया. रिजवी ने डेविड मिलर के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 78 रनों की मैच विजयी साझेदारी की. यह साझेदारी मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुई.

रिजवी ने 51 गेंदों में 7 चौके और 7 छक्कों की मदद से 90 रन बनाए. वह अपने शतक के करीब पहुंच चुके थे, लेकिन 17वें ओवर में कॉर्बिन बॉश ने उन्हें आउट कर दिया.

> तब तक दिल्ली जीत के बेहद करीब पहुंच चुकी थी. अंत में डेविड मिलर ने संयम दिखाते हुए 18 गेंदों में नाबाद 21 रन बनाए और विजयी चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई. दिल्ली कैपिटल्स ने 18.1 ओवर में 4 विकेट खोकर 164 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया. इस जीत के साथ दिल्ली ने टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की और अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली. समीर रिजवी की यह पारी कई मायनों में खास रही. उनके 90 रन मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के किसी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है. इससे पहले 2013 में वीरेंद्र सहवाग ने नाबाद 95 रन बनाए थे, जबकि 2018 में जेसन रॉय ने नाबाद 91 रन की पारी खेली थी.

## एक नजर में

### पीठ की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया लौटे कमिंस



**नयी दिल्ली.** सनराइज़र्स हैदराबाद (एसआरएच) के नियमित कप्तान पैट कमिंस अपनी पीठ की चोट के अंतिम स्कैन के लिए ऑस्ट्रेलिया लौट गए हैं. पिछले साल जुलाई से ही मैदान से दूर चल रहे कमिंस इस बीच केवल एक एशेज टेस्ट खेल पाए थे. अब आईपीएल 2026 के बीच में ही वह अपनी इंजरी का अपडेट लेने के लिए टीम कैंप छोड़कर ऑस्ट्रेलिया रवाना हो गए हैं. ईएसपीएन क्रिकइंफो की जानकारी के अनुसार, यह स्कैन पहले से ही तय था और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) की देखरेख में किया जाएगा. गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के ख़िलाफ़ मैच खत्म होने के बाद कमिंस भारत से रवाना हुए. अगर रिपोर्ट सही आती है और बोर्ड से मंजूरी मिलती है, तो उनके 17 अप्रैल तक वापस टीम से जुड़ने की संभावना है. यह पूरी कवायद टीम की पुरानी योजना का हिस्सा है. कमिंस ने आईपीएल शुरू होने से पहले ही साफ़ कर दिया था कि, 'अगर स्थिति अनुकूल रही, तो मैं टूर्नामेंट के दूसरे हाफ और नॉकआउट मुक़ाबलों (यदि एसआरएच पहुंचती है) में खेलता नज़र आऊंगा.' वह टूर्नामेंट के आगाज से ही टीम के साथ थे और नेट सत्र में गेंदबाज़ी का अभ्यास भी कर रहे थे. हैदराबाद ने अपना पहला मैच 28 मार्च को बेंगलुरु में आरसीबी के ख़िलाफ़ खेला था.

### 17वीं एशियन लॉन बाउल्स चैंपियनशिप 5 से

नयी दिल्ली. बॉलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया गर्व के साथ 17वीं एशियन लॉन बाउल्स चैंपियनशिप के साथ-साथ 15वीं अंडर-25 एशियन लॉन बाउल्स चैंपियनशिप 2026 की मेज़बानी की घोषणा करता है. यह आयोजन 5 से 12 अप्रैल 2026 तक दिल्ली पब्लिक स्कूल, आर.के. पुरम में होना तय है. यह प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन पूरे एशिया के शीर्ष लॉन बाउल्स एथलीटों को एक साथ लाएगा, जिसमें मलेशिया, सिंगापुर, फिलीपींस, हांगकांग, श्रीलंका, जापान और भारत के प्रतिभागी शामिल होंगे. चैंपियनशिप का उद्देश्य खेल में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है, साथ ही भाग लेने वाले देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय सौहार्द और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है. हाल के वर्षों में भारत में लॉन बाउल्स खेल में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है.

### आज होगा 'पीएनबी सोल्जराथॉन 2026' का दूसरा संस्करण

**नयी दिल्ली.** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), जो भारत के जाने-माने पब्लिक सेक्टर बैंकों में से एक है, 5 अप्रैल को सुबह 5 बजे नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपनी खास हाफ मैराथन, पीएनबी सोल्जराथॉन 2026 - सैनिकों के साथ दौड़ें, सैनिकों के लिए दौड़ें - के दूसरे एडिशन को हरी झंडी दिखाने के लिए तैयार है। बैंक को ज़बरदस्त रिस्पॉन्स मिला, क्योंकि रजिस्ट्रेशन की संख्या 26,000 से ज़्यादा हो गई। मैराथन के दिल्ली चरण में 21.1 किमी (हाफ मैराथन), 10किमी और 5किमी रेस कैटेगरी होंगी, जो अलग-अलग फिटनेस लेवल वाले लोगों के लिए हैं और 19.5 लाख रुपये की प्राइज़ मनी के साथ सबको शामिल करने की भावना को बढ़ावा देती हैं।

### चैन-अंजुम करेंगे निशानेबाजी टीम की अगुवाई

**ग्रेनाडा (स्पेन).** ओलंपियन चैन सिंह और अंजुम मौदगिल रविवार से स्पेन के ग्रेनाडा में शुरु होने वाले आईएसएसएफ विश्वकप में 18 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम की अगुवाई करेंगे. कल से शुरु होने वाले इस टूर्नामेंट में राइफल और पिस्टल वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में काफी अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं, लेकिन इसमें पेरिस 2024 के मेडलिस्ट मनु भाकर, सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले, पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल और एशियन गेम्स के मेडलिस्ट ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर भी इस टीम में शामिल नहीं हैं. रियो 2016 के ओलंपियन चैन सिंह, पूर्व एशियन चैंपियन अखिल श्योराण के साथ मिलकर पुरुषों की 50मी राइफल थ्री पोजिशन्स स्पर्धा में, दो बार की ओलंपियन और सात आईएसएसएफ विश्व कप पदक जीतने वाली अंजुम मौदगिल, महिलाओं की 50मी राइफल थ्री पोजिशन्स स्पर्धा में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगी. मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन पलक गुलिया, महिलाओं की 10मी एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगी, जबकि रिदम सांगवान 10मी एयर पिस्टल और 25मी पिस्टल, दोनों ही स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगी. पूर्व एशियन चैंपियन मेहुली घोष, महिलाओं की 10मी एयर राइफल स्पर्धा में और 50मी राइफल थ्री पोजिशन्स स्पर्धा में भी हिस्सा लेंगी. अपना पहला आईएसएसएफ वर्ल्ड कप मेडल जीतने की तलाश में जुटे नेशनल चैंपियन किरण अंकुश जाधव, 10मी एयर राइफल स्पर्धा में टीम की अगुवाई करेंगे. वरुण तोमर 10मी एयर पिस्टल स्पर्धा में हिस्सा लेंगे, जबकि विजयवीर सिद्धू 25मी रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में अपनी चुनौती पेश करेंगे.

# सामुदायिक पावर हाउस के रूप में जाने जाएंगे सिद्दी पहलवान

**रायपुर, 04 अप्रैल. 'प्रतिभा को किसी परिचय की जरूरत नहीं होती'- यह कहावत 'खेलो इंडिया खेलो इंडिया जनजातीय खेल-2026' में सच साबित हुई, जहां कर्नाटक के 'सिद्दी समुदाय' के पहलवानों ने मैट पर अपनी जबरदस्त छाप छोड़ी है.**

उनकी यह सफलता अब सिर्फ़ पदकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे समुदाय के कुश्ती के क्षेत्र में एक ताकत के तौर पर उभरने का प्रतीक बन गये. गौरतलब है कि अफ़्रीकी मूल के भारत में लगभग 50,000 सिद्दी



लोग रहते हैं, जिनमें से एक-तिहाई कर्नाटक में निवास करते हैं. खेलो इंडिया खेलो इंडिया जनजातीय खेल-2026 में कर्नाटक के नौ पहलवानों ने हिस्सा लिया, जिनमें से चार सिद्दी समुदाय से थे. इन चार पहलवानों में से तीन ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि एक को रजत पदक मिला. स्वर्ण पदक जीतने वाले पहलवानों में मनीषा जुआवा सिद्दी, रोहन एम डोड़ामणि और प्रिंसिता पेदरू फर्नांडिस सिद्दी शामिल हैं जबकि शालिना सेयर सिद्दी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा.

# न्यूज़ीलैंड ने द. अफ्रीका को हराकर जीती सीरीज

**बेसिन रिजर्व, 04 अप्रैल न्यूज़ीलैंड ने शनिवार को वेलिंगटन के बेसिन रिज़र्व में खेले गए तीसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका को 66 रनों से हराकर महिला वनडे सीरीज़ 2-1 से अपने नाम कर ली.**

मैडी ग्रीन के शतक की मदद से न्यूज़ीलैंड ने खराब शुरुआत से उबरते हुए वापसी की, जब टीम का स्कोर 3 विकेट पर सिर्फ़ 3 रन था. इस पतन की शुरुआत टुमी सेखुखुने ने की, जिन्होंने सूज़ी बेट्स और अमेलिया केर, दोनों को आउट किया, जबकि अयांडा ह्लुबी ने जॉर्जिया प्लिमर को पवेलियन भेजा.

हालांकि, दक्षिण अफ्रीका शुरुआती बढ़त का फ़ायदा नहीं




उठा पाई, क्योंकि ग्रीन और ब्रुक हॉलिडे के बीच 211 रनों की विशाल साझेदारी की बदौलत न्यूज़ीलैंड ने मैच में वापसी कर ली. ग्रीन 141 रनों पर नाबाद रहीं, जबकि हॉलिडे अपने शतक से सिर्फ़ दो रन पीछे रह गईं; इस तरह न्यूज़ीलैंड ने 306/7 का स्कोर खड़ा किया. जवाब में, दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी शुरुआत की और उसके ओपनरों ने मिलकर 68 रनों की साझेदारी की.

### 77 रनों की साझेदारी

इसके बाद कप्तान लॉरा वोल्वार्ट और एनेरी डर्कसेन के बीच 77 रनों की एक और साझेदारी हुई, जिसने प्रोटियाज़ को मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखने में मदद की. हालांकि, 26वें ओवर में वोल्वार्ट के आउट होते ही दक्षिण अफ्रीका की पारी लड़खड़ा गई और टीम का स्कोर 145/1 से गिरकर 154/4 हो गया. पारी को संभालने की तमाम कोशिशों के बावजूद, नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहने के कारण लक्ष्य का पीछा करने की प्रक्रिया लगातार पटरी से उतरती रही. रोज़मेरी मेयर ने गेंदबाज़ी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 रन पर पांच विकेट झटके जिसके चलते दक्षिण अफ्रीका की टीम 240 रन पर ऑल आउट हो गई.

# श्रेयस अय्यर पर लगा 24 लाख रुपये का जुर्माना

**चेन्नई, 04 अप्रैल पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि उनकी टीम ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच नंबर 7 के दौरान धीमी ओवर-रेट बनाए रखी.**

चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी टीम का इस सीजन का दूसरा अपराध था - जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है - इसलिए अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया. प्लेइंग इलेवन



के बाकी सदस्यों पर, जिसमें इम्पैक्ट प्लेयर भी शामिल है, या तो 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा; इन दोनों में से जो भी कम होगा, वही लागू होगा.

**आईपीएल 2026** हैदराबाद में दिन का मुकाबला, बेंगलुरु में शाम को हाई-वोल्टेज टक्कर

# डबल मुकाबलों में आज चार टीमों की बड़ी अग्निपरीक्षा

**नई दिल्ली, 4 अप्रैल. आईपीएल 2026 का रोमांच अब अपने चरम पर पहुंचता जा रहा है और रविवार को खेले जाने वाले डबल मुकाबले इस उत्साह को और भी बढ़ाने वाले हैं. दिन के पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स आमने-सामने होंगी, जबकि शाम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच एक बड़ा मुकाबला खेला जाएगा.**

इन दोनों मैचों पर क्रिकेट प्रेमियों की नजरें टिकी हुई हैं, क्योंकि चारों टीमों के लिए यह मुकाबले बेहद अहम हैं.

हैदराबाद के राजीव गांधी



अंतराष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाला मुकाबला इस सत्र का इस मैदान पर पहला मैच होगा. ऐसे में घरेलू दर्शकों के सामने खेलने उतर रही सनराइजर्स हैदराबाद टीम के पास अपनी ताकत दिखाने का सुनहरा मौका है. टीम ने अपने पिछले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की थी, जिससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ है. खासकर बल्लेबाजी क्रम में आक्रामकता टीम की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी है. सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं. उन्होंने पिछले मैच में तेज शुरुआत देकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया था. उनके अलावा मध्यक्रम में भी टीम संतुलित दिख रही है, जिससे विपक्षी टीम के लिए चुनौती और बढ़ जाती है. गेंदबाजी में भी टीम के पास विविधता है, जो किसी भी परिस्थिति में मैच को अपने पक्ष में मोड़ सकती है. दूसरी ओर, लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है. टीम को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था, जिससे खिलाड़ियों पर दबाव बना हुआ है. कप्तान ऋषभ पंत की अगुवाई में टीम को बेहतर रणनीति के साथ मैदान पर उतरना होगा. खासकर बल्लेबाजी क्रम को मजबूत प्रदर्शन करना होगा, क्योंकि पिछले मैच में यही टीम की सबसे बड़ी कमजोरी साबित हुई थी. गेंदबाजी विभाग में लखनऊ के पास अच्छे विकल्प मौजूद हैं. युवा गेंदबाज दिग्वेश राठी पर सभी की नजरें रहेंगी, जो अपने प्रदर्शन से मैच का रुख बदल सकते हैं. अगर लखनऊ को इस मुकाबले में जीत दर्ज करनी है, तो उसे हर विभाग में संतुलित प्रदर्शन करना होगा.

> पिच की बात करें तो हैदराबाद की पिच आमतौर पर बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है. यहां बड़े स्कोर देखने को मिलते हैं, लेकिन स्पिन गेंदबाज भी बीच के ओवरों में असर डाल सकते हैं. पिछले सत्र के आंकड़ों पर नजर डालें तो ज्यादातर मुकाबले लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम ने जीते हैं. ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना पसंद कर सकती है. अब बात करें शाम के मुकाबले की, जो बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा. इस मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स आमने-सामने होंगी. यह मुकाबला हमेशा से ही आईपीएल के सबसे बड़े मुकाबलों में से एक माना जाता है, जहां दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलती है.